लखनऊ और हरदोई ज़िलों में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल्स पार्क का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

18 अप्रैल, 2023 को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राज्य के लखनऊ और हरदोई में पीएम मित्र पार्क का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- लखनऊ में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा वस्त्र मंत्री पीयूष गोयल की उपस्थिति में '**PM MITRA** योजना' के अंतर्गत लखनऊ और हरदोई में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु **MoU** हस्ताक्षरित हुआ।
- पीएम मित्र पार्क लखनऊ को विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) के माध्यम से सार्वजनिक निजी भागीदारी मोड में विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व केंद्र और राज्य सरकार के पास होगा। विशेष प्रयोजन वाहन (एस.पी.वी.)/मास्टर डेवलपर न केवल औद्योगिक पार्क का विकास करेगा बल्कि रियायत अवधि में इसका रखरखाव भी करेगा।
- पीएम मित्र पार्क लखनऊ का कुल क्षेत्रफल 1,000 एकड़ होगा, जिसमें 10,000 करोड़ रुपए का निवेश होने की संभावना है और इससे एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दो लाख लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार प्राप्त होने की उम्मीद है।
- पीएम मित्र पार्क लखनऊ ज़िले के मलिहाबाद ब्लॉक के अटारी गाँव में विकसित किया जा रहा है, जो सड़क, रेल और हवाई संपर्क से देश के प्रमुख शहरों से बहुत अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। पार्क का निकटतम समर्पित फ्रेट कॉरिडोर और अंतर्देशीय कंटेनर डिपो कानपुर है, जो पार्क से 95 किलोमीटर की दूरी पर है।
- पीएम मित्र पार्क लखनऊ में एक इनक्यूबेशन केंद्र, सामान्य प्रसंस्करण गृह, एक सामान्य प्रवाह उपचार संयंत्र और डिजाइन केंद्र और परीक्षण केंद्र एवं अन्य वस्त्र संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।
- इस योजना के अंतर्गत, केंद्र सरकार सामान्य अवसंरचना का विकास करने के लिये पीएम मित्र पार्क लखनऊ को 500 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान करेगी।
- पीएम मित्र पार्क लखनऊ कपड़ा उद्योग क्षेत्र की मूल्य श्रृंखला को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिये मजबूती प्रदान करेगा।
- विदित है कि फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में एक सफल वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 33 लाख 50 हज़ार करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश का प्रस्ताव प्राप्त हुआ था। इसमें से 56,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश प्रस्ताव कपड़ा क्षेत्र के लिये है।
- भारत सरकार का वस्त्र मंत्रालय, पीएम मित्र पार्क लखनऊ में स्थापित होने वाली विनिर्माण इकाइयों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर प्रोत्साहन प्रदान करेगा।
- भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय ने पीएम मित्र पार्क लखनऊ में स्थापित होने वाली विनिर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिये 300 करोड़ रुपए देने का प्रावधान किया है।
- यह प्रोत्साहन राशि, इकाई के कुल वार्षिक टर्नओवर का तीन प्रतिशत होगी, जिसकी सीमा प्रति कंपनी के हिसाब से निम्नलिखित होगी-
  - 300 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा का निवेश- एक एंकर निवेशक कंपनी के लिये कुल प्रोत्साहन पर 10 करोड़ रुपए प्रति वर्ष की सीमा और अधिकतम 30 करोड़ रुपए की सीमा।
  - 100-300 करोड़ रुपए का निवेश- एक निवेशक कंपनी के लिये कुल प्रोत्साहन पर 5 करोड़ रुपए प्रति वर्ष की सीमा और अधिकतम 15 करोड़ रुपए की सीमा।
  - अन्य निवेशक कंपनियाँ और ठेकेदार- एक करोड़ रुपए प्रति वर्ष की सीमा और कुल प्रोत्साहन पर अधिकतम सीमा 3 करोड़ रुपए, लेकिन उनके पास 100 या उससे ज्यादा लोगों का रोज़गार होना चाहिये।
- उत्तर प्रदेश वस्त्र एवं गारमेंटिंग पॉलिसी-2022 के अनुसार, पीएम मित्र पार्क लखनऊ में स्थापित विनिर्माण इकाइयों के लिये अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि।
  - पीएम मित्र पार्क में स्थापित और न्यूनतम 50 लोगों को रोज़गार देने वाली इकाइयों के लिये पाँच वर्षों तक 2 रुपए प्रति यूनिट (60 लाख रुपए प्रति वर्ष तक) की बिजली टैरिफ सब्सिडी।
  - पीएम मित्र पार्क लखनऊ में स्थापित विनिर्माण इकाइयों को स्टांप ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट।
  - मास्टर डेवलपर को बिजली तक पहुँच की खुली अनुमति।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pm-mitra-mega-textiles-park-inaugurated-in-lucknow-and-hardoi-districts